विवरण

1-11-69 से 30-6-1970 तक हुई साम्प्रदायिक घटनाओं तथा जन-धन की हानि का विवरण

क्रम सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	साम्प्रदायिक घटनाओं की संख्या	मृत व्यक्तियों की संख्या	धन की कुछ हानि
				रुपये
1.	आन्ध्र प्रदेश	3	2	1,20,030
2.	मध्य प्रदेश	5	5	10,000 (इसके अतिरिक्त दो दुकानें जली।)
3.	मैसूर	2	1	35,000

*जम्मू और काश्मीर, पंजाब और मेघालय में इस अवधि में कोई साम्प्रदायिक घटना नहीं हुई।

साम्प्रदायिकता-विरोधी सर्वदलीय सम्मेलन की दिल्ली में बैठक

877. **श्री शारदानन्द :**
श्री वंश नारायण सिंह :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री भारत सिंह चौहान :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि साम्प्रदायिकता-विरोधी सर्वदलीय सम्मेलन की बैठक मई, 1970 के उत्तरार्द्ध में दिल्ली में हुई थी ; और

(ख) यदि हां, तो उसमें क्या-क्या निर्णय किये गये ?

राज्य मन्त्री (श्रीमती नन्दिनी सतपति) : (क) एक अभियान चलाने हेतु सर्वदलीय सम्मेलन के निर्णय के अनुसरण में साम्प्रदायिक मेल-मिलाप व मैत्री में पक्ष में संयुक्त सामूहिक अभियान के लिए 22 मई, 1970 को आयोजन समिति की एक बैठक हुई।

(ख) 3-4 नवम्बर, 1969 को हुए सर्व-दलीय सम्मेलन में पारित प्रस्ताव को ध्यान में रखकर अभियान के ब्यौरों पर विचार-विमर्श किया गया था।

हिमाचल प्रदेश के श्री बलदेव सिंह की हत्या

878. **श्री शारदानंद :**
श्री वंश नारायण सिंह :
श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या गृह-कार्य मंत्री 27 फरवरी, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 940 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्री बलदेव सिंह की हत्या के बारे में शव-परीक्षा की रिपोर्ट पटियाला प्रयोगशाला को भेजी गई थी।

(ख) क्या यह भी सच है कि पटियाला